***जनपद-सुलतानपुर***
***प्रेस नोट संख्या*- *47 दिनांक-05.03.2021***

***थाना-कोतवाली नगर व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा मिश्रित सरसों का तेल बनाने वाली फैक्ट्री को पकड़ कर मिश्रित 104 टीन सरसों का तेल बिक्री का लगभग एक लाख रुपये व एक अदद चार पहिया वाहन बरामद कर तीन नफर अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई***

***नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण***

1. रिजवान अहमद पुत्र निसार अहमद नि0-सोनवरसा छतौना,थाना-को0देहात,जनपद-सुलतानपुर, उम्र- 37 वर्ष, व्यवसाय- तेल के व्यापारी
2. जुल्फिकार अहमद पुत्र आश मोहम्मद नि0- निवासी-सोनवरसा छतौना,थाना-को0देहात,जनपद-सुलतानपुर, उम्र- 42 वर्ष, व्यवसाय- तेल के व्यापारी
3. शिवम उर्फ रवि जायसवाल पुत्र शिव कुमार जयसवाल नि0-सरैया,थाना- को0देहात,जनपद-सुलतानपुर, उम्र- 23 वर्ष, व्यवसाय- तेल के व्यापारी

***नाम पता फरार अभियुक्तगण***

1. मनोज अग्रहरि पुत्र स्व0 जगन्नाथ अग्रहरि नि0- गल्लामंडी, थाना- को0नगर, जनपद- सुलतानपुर, उम्र- 55 वर्ष, व्यवसाय- तेल के व्यापारी
2. शैलेन्द्र अग्रहरि पुत्र स्व0 संतदास अग्रहरि, नि0- गल्लामंडी, थाना- को0नगर, जनपद- सुलतानपुर, उम्र- 55 वर्ष, व्यवसाय- तेल के व्यापारी

***बरामदगी का विवरण***

01.104 अदद टीन मिश्रित सरसों का नकली तेल
02.दो पालीथीन में सरसों में मिश्रित करने वाला पीला रंग
03.विभिन्न ब्रान्डो के स्टीकर व विभिन्न ब्रान्डो के ढक्कन
04.ढक्कन को बन्द करने वाले लोहे के यंत्र
02.बिक्री का 1,01,210/- रुपया
03.एक अदद बुलेरो पिकअप वाहन संख्या- UP44AT4417

जनपद में बिक रही अपमिश्रित खाद्य सामग्री के सम्बन्ध में पिछले कई महीने से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही थी कि सुल्तानपुर एवं आसपास के जनपदों में सरसों तेल विभिन्न ब्रांडों के स्टीकर कूट रचित ढंग से छपवा कर उनमें नकली सरसों का तेल तैयार कर बेचा जा रहा है। ऐसे लोग स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। अभी जानकारी मिली थी कि ऐसे अवैध व्यवसाय करने वाले लोग अपना एक संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए इस प्रकार के घृणित एवं आपराधिक कृत्य कर रहे हैं। समय रहते इस संगठित गिरोह के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर डॉ0 अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा स्वाट प्रभारी के नेतृत्व में सूचना विकसित करने हेतु निर्देश टीम गठित की गई। आरंभिक जानकारी के अनुसार इस प्रकार के संगठित अवैध व्यवसाय करने वालों की जड़ें काफी गहराई तक फैली हुई पाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसा कार्य करने वाले प्रतिष्ठित ब्रांड के डुप्लीकेट पैकिंग मैटेरियल छपवाते हैं और उसमें धोखाधड़ी से तैयार किया हुआ नकली माल भरकर बेचते हैं। इनके द्वारा तैयार किए गए एक असली ब्रांडेड पैसों से इतना मिलते जुलते हैं कि सामान्य ग्राहक उसे नहीं पकड़ पाता। नकली माल को बेचने के लिए या बड़ा शक्तिशाली मार्केटिंग नेटवर्क विकसित कर लेते हैं और भारी मुनाफे का लालच देकर उसे फुटकर विक्रेता को बराबर अपने नियंत्रण में रखते हैं। सुल्तानपुर के विभिन्न बाजारों से प्राप्त सूचना को विकसित करते हुए

नकली सरसों का तेल बनाने के धंधे में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। इस क्रम में दिनांक-04.03.2021 कोतवाली नगर व स्वाट टीम द्वारा अभिसूचना विकसित करते हुए 03 नफर अभियुक्त को प्यारे पट्टी रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे अपमिश्रित खाद्य सामग्री व बिक्री के पास एक अदद चार पहिया वाहन बरामद कर थाना-कोतवाली नगर में मु0अ0सं0-194/21 धारा-419/420/467/468/471भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया।

*अभियुक्तगण से कड़ाई से पूछताछ करने पर प्रकाश में आया कि इनका किसान ट्रेडर्स के नाम से सोनवरसा छतौना में मिल है, जहाँ से ये लोग विभिन्न कूटरचित ब्राण्डों के तेल के टिन में अपमिश्रित तेल पैक करके शहर व देहात में दुकानों पर बिक्री के लिये देते हैं। जिन दुकानों पर यह माल बेचते है उन दुकानदारों को भी यह ज्ञात है कि यह माल अपमिश्रित व हानिकारक हैं, जो अपने आर्थिक लाभ हेतु मिलावटी तेल बेचते हुए पकड़े गए। पूछताछ पर जुल्फिकार अहमद ने बताया कि वह विभिन्न ब्रांडों के स्टीकर छपवा कर तैयार किए गए नकली तेल को 1560/- रूपये प्रतिटिन (15 किलो ) की दर से ऐसे दुकानदारों को बेच देता है जो उसे ऊंची दरों पर बेच देते हैं। यह भी ज्ञात हुआ कि समानता 15 किलो सरसों का तेल लगभग 2200 से 2300 रूपये प्रति टिन की दर से बिकता है। ऐसे व्यापारी विभिन्न स्कीमों का हवाला देते हुए 1560 रुपए प्रति टीन की दर से खरीदा गया नकली तेल लगभग 1800 से 2000 रूपये के बीच बेच देते हैं। बरामद स्टीकर बादशाह, गंगा, उपवन, सम्राट, सरसों गोल्ड, पवन गोल्ड आदि के प्राप्त हुए हैं। इसके संबंध में संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर अन्य विवरण प्राप्त किया जा रहा है। पूछताछ पर सुल्तानपुर के विभिन्न कस्बों और नजदीकी जिलों के नकली सरसों के तेल बेचने वाले व्यापारियों को चिन्हित कर लिया गया है, शीघ्र उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी*।

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम***

01. निरीक्षक अनुपम नीरज थाना-कोतवाली नगर,जनपद-सुलतानपुर
02.उ0नि0 अजय प्रताप सिंह यादव प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद-सुलतानपुर
03.उ0नि0 परमात्मा सिंह स्वाट टीम,जनपद-सुलतानपुर
04. उ0नि0 शैलेन्द्र गुप्ता थाना-कोतवाली नगर,जनपद-सुलतानपुर
05.उ0नि0 दिनेश कुमार थाना-कोतवाली नगर,जनपद-सुलतानपुर
06.उ0नि0 उपेन्द्र प्रताप सिंह थाना-कोतवाली नगर,जनपद-सुलतानपुर
07. हे0का0 पवनेश यादव सर्विलांस टीम जनपद सुलतानपुर
08. हे0का0 अनुराग सिंह सर्विलांस टीम जनपद सुलतानपुर
09.हे0का0 समरजीत स्वाट टीम जनपद सुलतानपुर
10. हे0का0 निर्भय सिंह स्वाट टीम जनपद सुलतानपुर
11. हे0का0 हेमंत यादव स्वाट टीम जनपद सुलतानपुर
12.मु0आ0 सन्तोष कुमार स्वाट टीम,जनपद-सुलतानपुर
13.आ0 विकास सिंह स्वाट टीम,जनपद-सुलतानपुर
14.आ0 विकास तिवारी थाना-कोतवाली नगर,जनपद-सुलतानपुर
15.आ0 आशीष ओझा थाना-कोतवाली नगर,जनपद-सुलतानपुर
16.आ0 अश्वनी यादव थाना-कोतवाली नगर,जनपद-सुलतानपुर
17.आ0 सूरज थाना-कोतवाली नगर,जनपद-सुलतानपुर